एक नजर में

नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाने का संचालन शासन द्वारा होता रहा तो बंद होने में समय नहीं लगेगा : किशोरी देवी

बुरहानपुर। नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवल नगर बुरहानपुर मध्यप्रदेश हानि में चल रहा हैं। कारखाने को सफलतापूर्वक चलाने हेतु कारखाने को 6 लाख मेट्रीक टन गन्ने की आवष्यकता है और अच्छे से चलाने के लिये इसमें बढोत्तरी की जाना चाहिये। विगत 3 वर्षों से कारखाने का संचालन शासन द्वारा किया जा रहा हैं। इस वर्ष कारखाना क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना फसल विरुद्ध पर्याप्त अग्रिम नहीं मिलने व कारखाने के पास इफको खाद की एजेंसी होने के बाद भी कृषकों को रासायनिक खाद उपलब्ध नहीं कराने से गन्ने की लागवड़ में कमी होती जा रही हैं जिसके कारण इस वर्ष मात्र 1 से डेढ लाख टन गन्ना ऋशिंग होना है। इसी प्रकार से कारखाने का संचालन शासन द्वारा होता रहा तो नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित नवल नगर बुरहानपुर को अन्य सहकारी संथाओं की तरह बंद होने में समय नहीं लगेगा। अत: कारखाना क्षेत्र के किसान भाईयों से निवेदन है कि कारखाने को बंद होने से बचाने के लिए गन्ना लगाये ताकि कारखाना बंद होने से बच सके। अत: निवेदन है कि कारखाना कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक गन्ना फसल लगाने हेतु उचित प्रयास करें। गन्ना ही एकमात्र ऐसी फसल जो आंधी तूफान से भी मुकाबला करने में सक्षम हैं और गन्ने के भाव भी निश्चित होते हैं इस लिए अधिक से अधिक गन्ना फसल लगाकार कारखाने के संस्थापक अध्यक्ष श्री शिवकुमारसिंहजी के सपनों को साकार करने में सहयोग करे इसके लिए हम सतत् आपके साथ हैं।

निगम द्वारा नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर 2025 को सेवा सदन विधि लॉ कॉलेज में

बुरहानपुर। नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में बकाया करदाताओं के लिए विशेष छूट लाभ लेने हेतु नगर निगम द्वारा सेवा सदन विधि लॉ कॉलेज में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। शासन के निर्देशानुसार शनिवार दिनांक 13 सितंबर 2025 को नगर निगम द्वारा विधि सेवा सदन लॉ कॉलेज परिसर में आयोजित की जायेगी ।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को सुबह 10.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक किया जायेगा । संपत्तिकर राजस्व कर एवं निजी जलकर के बकाया करदाताओ से करो की वसूली मे अधिभार / सरचार्ज मे छूट का लाभ प्रदान किया जावेगा। करो के अधिभारध्सरचार्ज मे छूट का लाभ केवल दिनांक 13 सितंबर 2025 शनिवार को ही लागु रहेगा। निकाय क्षेत्र में जो बड़े बकायादारों पर कर बकाया है वह नेशनल लोक अदालत में कर जमा करे अन्यथा निगम द्वारा उन पर कानूनी कार्रवाई कर उनकी संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी । अत: सभी बकाया करदाताओं को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा विशेष अभियान के तहत अधिभार/ सरचार्ज मे मिलने वाली छूट का अधिक से अधिक लाभ लेवे ।

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

लंबित मांगों निराकरण एक सप्ताह में नहीं हुआ तो कर्मचारी देंगे जिला स्तरीय धरना।

बुरहानपुर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के लंबित मांगों को लेकर जिला स्तरीय ज्ञापन जिला बुरहानपुर में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह सोलंकी को राष्ट्रीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप इंगले एवं मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय सचिव संजयसिंह गहलोत, जिला अध्यक्ष सुनिता महाजन,जिला सचिव कैलाश राठौड़,कोषाध्यक्ष सुनिल कोटवे, शांताराम निंभोरे, आसिफ पिंजारी के नेतृत्व में सौपाद्य विभिन्न मांगों का निराकरण नहीं होने पर एक सप्ताह बाद मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा जिला स्तरीय धरना दिया जायेगा। इस अवसर पर दिलीप इंगले एवं संजय गहलोतए सुनिता महाजन ने कहा कि प्रत्येक मांग के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे और अपना अधिकार पाकर रहेंगे समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन करेंगे।

ज्ञापन में प्रमुख मांगे कर्मचारियों एवं शिक्षक संवर्ग की वेतन विसंगति को दूर की जायेद्य कोषाध्यक्ष सुनील कोटवे ने कहां की जिला स्तर पर वेतन निर्धारण की व्यवस्था की जाए एवं लंबित डीए एरियस, क्रमोन्नति एरियर का भुगतान अविलंब किया जाए पदोन्नति, अनुकम्पा नियुक्ति12 एवं 24 वर्ष क्रमोन्नती का लाभ कर्मचारियों को शीघ्र दिया जाये। ज्ञापन का वाचन संजय गहलोत ने किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी दिलीप इंगले,संजय गहलोत, शांताराम निंभोरे, सुनिता महाजन, आसिफपिंजारी, कैलाश राठौड़, सुनिल कोटवे, उमेश रुपेरी,अनिल जैसवाल,हरीश जोशी, मोहम्मद फहीम ,देवानन्द वानखेड़े,गणेश अग्रवाल,अभिषेक जैन ,अश्विन काले , विवेक बालापुरकर ,कंचन रावत एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

आंबेडकर अनुयायी पहुंचे बुरहानपुर जिला मुख्यालय मातृशक्ति का अपमान नही सहेंगे : भीम सेना

बुरहानपुर । यह की गुरुवार को ग्राम जसोंदी में बौद्ध समाज की महिलाओं के साथ ग्राम के ही एक व्यक्ति विशेष एवं उनके पुत्रों द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार,अपशब्दों का प्रयोग किया गया था भीम सेना जिला अध्यक्ष सचिन गाढ़े द्वारा बताया गया की ग्राम जसोंदी में लगातार बौद्ध समाज के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है जिसमें कुछ शाहपुर थाने के पुलिस अधिकारी भी लिप्त है जो एक व्यक्ति विशेष एवं उनके पुत्रों को संरक्षण कर रहे हैं यह की ग्राम जसोंदी के बौद्ध समाजजन लगातार पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन के संज्ञान में व्यक्ति विशेष की उनके पुत्रों की करतूते लगातार उजागर कर रहा है बार.बार पिता पुत्रों द्वारा परम पूज्य डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर प्रांगण में असामाजिक गतिविधियाए एवं कार्य में बाधाए उत्पन्न कर रहा है जिससे त्रस्त होकर ग्राम जसोंदी के समाजजन भारी बारि संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे ,जिसमे उनके द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी दी गई जिसमें पुलिस प्रशासन बुरहानपुर द्वारा आश्वासन दिया गया है कि पूर्ण मामले की जांच बुरहानपुर डीएसपी को प्रेषित की जा रही है ,इस अवसर पर श्रीमती संगीता तायडे , विष्णु थाटे , किशोर तायडे , कन्हैया तायडे , मातृशक्ति, अन्य उपस्थिति रहे ।

बुरहानपुर जिले के 96 होनहार विद्यार्थियों को मिला स्कूटी का उपहार : अर्चना चिटनिस

प्रदेश सरकार का संकल्प : मेधावी छात्र की उच्च शिक्षा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने शासकीय स्कूलों के कक्षा 12वीं में टॉप करने वाले बुरहानपुर जिले के 96 होनहार विद्यार्थियों को स्कूटी हेतु राषि अंतरित होने पर बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भोपाल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर के सरकारी विद्यालयों के 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 7,832 मेधावी छात्रों को स्कूटी की चाबी सौंपकर सम्मानित किया। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर विद्यार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि किसी भी मेधावी छात्र की उच्च शिक्षा आर्थिक कारणों से बाधित न हो। हाल ही में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए गए थे। ऐसी पहल छात्रों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित करती हैं। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यह कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार की उन निरंतर पहलों का प्रतीक हैए जो विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और जीवन में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने का अवसर प्रदान करती हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी श्परीक्षा पर चर्चाश् जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्साह और मार्गदर्शन देते हैंए उसी भावना के साथ यह पहल भी छात्रों को नई प्रेरणा दे रही है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने छात्रों से कहा कि वे मेहनत और अनुशासन को जीवन का आधार बनाएं, अच्छे नागरिक बनें और अपने साथियों को भी साथ लेकर आगे बढ़ें। इसके साथ ही बुरहानपुर नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे श्प्लॉस्टिक.मुक्त बुरहानपुरश् अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। श्रीमती चिटनिस ने विद्यार्थियों को सिंगल.यूज प्लॉस्टिक के दुष्प्रभाव समझाएं और पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में जिम्मेदारीपूर्वक जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि वर्ष 2022 से संचालित योजना के तहत माध्यमिक षिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को पेट्रोल स्कूटी के लिए 90 हजार रूपए तथा ई.स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार रूपए की राषि प्रदाय की जाती है। आज बुरहानपुर जिले के 96 विद्यार्थियों को स्कूटी हेतु 89 लाख 70 हजार रूपए की राषि उनके खातों में अंतरित की है। इसमें 11 विद्यार्थियों को ई.स्कूटी के लिए 1 लाख 20 हजार प्रति विद्यार्थी तथा 85 विद्यार्थियों को पेट्रोल स्कूटी स्कूटी के लिए 90 हजार रूपए प्रति विद्यार्थी को प्रदाय की है। बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र की 28 शालाओं के 22 बालकए 27 बालिका इस प्रकार कुल 49 तथा नेपानगर विधानसभा क्षेत्र की 22 शालाओं के 23 बालक एवं 24 बालिकाओं कुल 47 विद्यार्थियों को स्कूटी के लिए राषि प्रदाय की गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन,एमआईसी सदस्य धनराज महाजनए रूद्रेश्वर एंडोले, सुमित बोरले,जिला शिक्षाधिकारी संतोषसिंह सोलंकी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के साथ शिक्षक.शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

सीएसपी द्वारा चारों थाना प्रभारियों की ली अपराध समीक्षा बैठक

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चारों थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिसमें थाना प्रभारी कोतवाली, शिकारपुरा, लालबाग, गणपति नाका उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून.व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करना तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र और प्रभावी निराकरण एवं आगामी त्यौहारों को लेकर दिशा.निर्देश प्रदान करना था।

अपराध समीक्षा में नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए प्रमुख निर्देश:- सीएसपी श्री पाटील ने अपराध समीक्षा बैठक में उपस्थित अनुभाग बुरहानपुर के चारों थाना प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों,जुआ सट्टा, अवैध शराब, गौवंश तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने निर्देशित हेतु किया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के मंशानुरूप प्रभारीयो को जनता की समस्याओं का विधिसंगत एवं त्वरित रूप से निराकरण करे। जिससे आमजन के मध्य उचित संदेश जाए। आगामी त्योहारों की तैयारी करने हेतु किया निर्देशित। शांति समिति एवं नगर सुरक्षा समिति की मदद से त्योहारों को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने,त्योहारों को देखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाशो,अपराधिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु किया गया निर्देशित।लंबित अपराधों की समीक्षा कर उनका त्वरित निराकरण करने ,संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने ,चोरी की घटनाओं को रोकने हेतु रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने एवं चोरी संभावित स्थानों को हॉट स्पॉट बनाकर लगातार सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया ।

उन्होने थाना क्षेत्र के आदतन अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने निर्देशित हेतु किया ।आपने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुम नाबालिक बालकध् बालिका की तलाश कर दस्तयाबी करने,वर्तमान समय में हो रहे सायबर फ्रॉड की शिकायतों को प्राथमिकता में लेकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने ,ि नयमित रूप से क्षेत्र के गुंडाए निगरानी बदमाशों, जिला बदर की चेकिंग की कार्यवाही करने एवं लंबित अपराध, चालान,लंबित मर्ग,लंबित गुम इंसान, खात्मा, खारजी, मामलों का त्वरित निराकरण करने। समन्स, वारंट की तामिली समय सीमा में करने, सीसीटीएनएस पर रिकॉर्ड अपडेट रखने हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

सुधामय अशोकनगर पुस्तक का विमोचन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद् के उपाध्यक्ष कर्मयोगी डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा लिखित पुस्तक. सुधामय अशोकनगर का विमोचन जगत् पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिपुङ्गव श्री सुधासागर जी महाराज के 43वें मुनिदीक्षा दिवस पर अशोकनगर में आयोजित भव्य समारोह में क्षुल्लक गौरव श्री गंभीरसागर वर्णी जी महाराज, क्षुल्लक श्री वरिष्ठसागर जी महाराज,क्षुल्लक श्री विदेहसागर जी महाराज के सान्निध्य में दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष.श्री राकेश जैन कांसल, महामन्त्री.श्री राकेश जैन अमरोद, प्रतिष्ठाचार्य. पं.प्रदीप जैन पीयूष,समाजसेवी. विजय धुर्रा आदि ने किया।

पुस्तक विमोचन होने पर डॉ.सुरेन्द्र जैन भारती को शांतिलाल जैन ठोलिया, संतोष पाटनी, राजेश चान्दमल जैन, विमल पाटनी,राजेश हूमड़, आलोक पाटौदी, शब्भूदयाल गंगवाल आदि ने बधाई दी। सुधामय अशोकनगर पुस्तक के 240 पृष्ठों में मुनिपुङ्गव श्री सुधासागर जी महाराज के प्रति जन आस्था एवं उनके लोकहितकारी प्रवचनों का संग्रह किया गया है।

लायंस क्लब द्वारा ग्राम डोंगरगांव में किया वृहद वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। लॉयन्स क्लब बुरहानपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुये 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया जिसे शीघ्र ही पुरा किया जाएगा। इस कडी में ग्राम पंचायत डोंगरगांव के सहयोग से एक वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम डोंगरगावं में किया गया जिसमें 251 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लॉयन डॉक्टर आई.एल.मूंदड़ा, लायंस क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश देवड़ा, तृतीय उपाध्यक्ष लॉयन डॉ. राजेन्द्र चापोरकर,सचिव लॉयन एजाज गफ्फार खान, कोषाध्यक्ष लॉयन पुष्पा मूंदड़ा, एमजेएफ लॉयन सतीश अग्रवाल, एमजेएफ लॉयन संतोष श्रॉफ , लॉयन आजम राही, लॉयन मनीष पटेल, लॉयन हसमुख लाल जरीवाला, एमजेएफ लॉयन डॉ.एस एम तारीक, एमजेएफलॉयन डॉ. हुमायू दाऊद, राज खण्डेलवाल, विलास बड़े, ऋषि बड़े, राम अग्रवाल सहित डोंगरगांव गांव के वरिष्ठ जोरसिंह दूधा पवार, ग्राम पंचायत सरपंच नेमीचंद पवार, प्रो. शेरसिंह पवार सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट चेयरपेर्सन भूतपुर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लॉयन डॉ. आई. एल. मूंदड़ा साहब थे।

13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत, तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जिले में 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत आयोजित रहेगी। इसी कड़ी में लोक अदालत के पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। यह बैठक चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री इन्दुकांत तिवारी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्री प्रेमदीप सांकला, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष युनूस पटेल सहित अन्य अधिवक्तागणों की उपस्थिति में संपन्न हुई।

नेशनल लोक अदालत को सफ्ल बनाने के उद्देश्य से धारा 138, परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रकरणों एवं शमनीय योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर आपसी सहमति के आधार पर अंतिम निराकरण किये जाने हेतु प्रेरित किया,साथ ही अधिवक्तागणों से चर्चा कर राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण कराने की बात कही गयी।

लोक अदालत को सफ्ल बनाने हेतु सुझाव भी आमंत्रित किये गए । नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों,नगर पालिका निगम के जल कर,संपत्ति कर के प्रकरणों में मिलने वाली छूट का लाभ दिया जाता है।

संजय नगर रोड पर गंदा पानी बहने से परेशानी

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। शहर के संजय नगर क्षेत्र में रेलवे पुलिया के नीचे से निकलने में आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पुलिया के नीचे काफी गंदगी पसरी रहती है। स्कूल आंगनवाड़ी आने जाने वाले बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिकायत के बाद भी नगर पालिका का इस तरफ ध्यान नहीं है। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका को जहां गंदगी की समस्या से निजात दिलाना चाहिए। साथ ही रोड का भी निर्माण कराना चाहिएए क्योंकि यहां गड्ढो में बारिश का पानी जमा रहता है।

सेवासदन शिक्षा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षकों का किया सम्मान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सेवासदन शिक्षा महाविद्यालय में बी.एड. एवं डी.एल.एड. के विद्यार्थीयों द्वारा भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सेवासदन षिक्षा समिति सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर श्री मनीष पटेल, प्राचार्य डॉ. जगदीष आसखडके, डॉ. एस.एम. शकील डॉ. मोहन सोनी, डॉ. हर्षद दीक्षित, डॉ. राहुल राठौर, प्रो. नेहा चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय के समस्त षिक्षकों सहित नॉन टिचिंग स्टॉफका पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपने जीवन में गुरूजनों के महत्व को बताया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कर खेलों का आयोजन किया जिसका सभी ने आनंद उठाया। सेवासदन शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीष आसखडके ने विद्यार्थियों को समाज में अपना उच्चतम स्थान हासिल करने हेतु प्रेरित किया एवं विभिन्न पदों पर प्रतिष्ठित होने हेतु अनुषासन एवं कडी मेहनत को सर्वोपरी कहा। सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर ने विद्यार्थियों द्वारा किये गये शिक्षक सम्मान समारोह की सराहना की एवं सभी को शिक्षक दिवस की बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर प्रो. वैषाली जैस्वाल, डॉ. षिवकुमार सेजकर, डॉ. राजेष काले, डॉ. अनीष पटेल, प्रो. चेतन खैरनार, प्रो. निलिमा मौर्य, डॉ. सुषील माहेष्वरी, प्रो. प्रीति मिश्रा सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एक नजर — नेपानगर में कांग्रेस की बैठक आयोजित , जिला प्रभारी एवं ग्रामीण अध्यक्ष हुए बैठक में शामिल

हर वार्ड से एक बीएलओ बना कर सही तरीके से वोटर लिस्ट बनाए : नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष महाजन

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। आने वाले चुनावों में फिर से कांग्रेस को मजबूती के साथ लड़ना पड़ेगा। चुनाव जीतने का सबसे आसान तरीका है वोटर लिस्ट। यह बात कांग्रेस के बुरहानपुर जिला प्रभारी ग्यारसी लाल रावत ने आयोजित बैठक में कही। जिला प्रभारी ग्यारसी लाल रावत ने कहा कि अभी से हमें आने वाले चुनाव के लिए मजबूत होना है। हर वार्डो में बीएलओ को नियुक्त करना जरुरी है। बीएलओ को मतदाता सूची पर विशेष ध्यान देना होगा। अगर हम अभी से वोटर लिस्ट पर ध्यान दें तो आने वाले चुनावों में जीत का रास्ता आसान हो जाएगा।

बैठक में नव नियुक्त ग्रामीण जिला अध्यक्ष रविन्द्र महाजन ने बताया कि यह बैठक का मुख्य उद्देश्य सही तरीके से वोटर लिस्ट बने। भाजपा फर्जी वोटर बनाकर चुनाव जीत रही है। हर वार्ड से एक बीएलओ बना कर सही तरीके से वोटर लिस्ट बन सके।

फर्जी वोटों से ही चुनाव जीत रही भाजपा:-बैठक में ग्रामीण कार्यकारी जिला अध्यक्ष जगमीत सिंह जॉली ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा फर्जी वोटों के माध्यम से ही आज जीत रही है। हर वार्ड में बीएलओ द्वारा जितने फर्जी लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़े हैं। उनको काटकर नए मतदाताओं के नाम जुड़वाएं जिससे मतदान के दिन कोई परेशानी नहीं हो सके। नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस बैठक में आए सभी पार्षदों से कहा आप अपने वार्डों में योग्य व्यक्ति देखकर बीएलओ बनाए।

बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सोहन सैनी और महिला कांग्रेस अध्यक्ष योगिता पाटिल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संचालन प्रकाश सिंह बैस ने किया। आभार लालचंद पटेल द्वारा माना गया। इस अवसर पर इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल,महिला प्रदेश उपाध्यक्ष विजेयता चौहान,विजय गाड़वे, आंनद बर्डे, दिगंबर काटे, विनोद पाटील, पार्षद अम्बादास सोनवणे, अरुण सोनी,अरुण फरकने,प्रभाकर अडकमोल, संध्या सतपाल, कोकिला शर्मा,अलका मतलाने सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विशेष वर्ग के कुछ लोग कर रहे आदिवासी किसानों की कृषि भूमि पर कब्जा

जिला संयोजक हिन्दु रक्षक समिति शंकर चौहान ने एसडीएम को पत्र लिखकर की शिकायत

नवभारत न्यूज, नेपानगर। हिन्दु रक्षक समिति जिला संयोजक शंकर चौहान ने एसडीएम को शिकायती पत्र भेजकर मांग की है कि हिन्दु आदिवासी समाज की कृषि भूमि विशेष वर्ग से दिलाई जाए। शिकायत में उन्होंने कहा नेपानगर अनुभाग आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जिसमें कोरकू समाज के लोग काफी संख्या में निवासरत हैं,जो कि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत होकर अशिक्षितए कम पढ़े लिखे लोग हैं। ग्रामीण दूरदराज में रहने के कारण सीधे साधे आदिवासी ग्रामीण लोग है। जिनका फायदा उठाकर विशेष वर्ग के कुछ लोगों द्वारा ग्राम दूधिया रैयत व नावरा क्षेत्र के आस पास के क्षेत्र में आदिवासी लोगों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। आदिवासी समाज के लोगों को उनके ही खेत में बंधुआ मजदुर बनाकर काम करवाया जाता है। काश्तकारी से आई संपूर्ण फसल का लाभ विशेष वर्ग के कुछ लोगों द्वारा लिया जा रहा है। ग्राम दूधिया रैयत के निवासी गुलाब अली के पास 100 एकड़ से भी अधिक कृषि भूमि है। यह जांच का विषय है कि इतनी अधिक रकबे के तादाद में भूमि की काश्तकारी कैसे की जा रही है। भूमि जिस पर वह काश्तकारी कर रहा है उसके स्वयं के नाम से कितना रकबा है या अन्य आदिवासी लोगों के कृषिभूमि पर काश्तकारी कर रहा है। ग्राम केरपानी में शासकीय भूमि पर मदरसे का निर्माण किया गया है। मदरसे की भूमि का आवंटन शासन द्वारा किया गया है या कब्जा कर मदरसे का निर्माण किया गया है। समाज के लोगों द्वारा आदिवासी ग्रामीण इलाकों में अपनी मनमानी कर आदिवासी लोगों की जमीनों पर कब्जा कर काश्तकारी कार्य किया जा रहा है। संपूर्ण फसल का लाभ स्वयं लिया जा रहा है। हिन्दु आदिवासी लोगों को उनकी कृषिभूमि का लाभ नही दिया जा रहा है। ग्राम देड़तलाई में शासकीय भूमि पर विशेष वर्ग के कुछ लोगों द्वारा दुकानें बनाकर अतिक्रमण किया गया है। दुकानों को किराये से देकर लाभ कमाया जा रहा है। जिसकी भी जांच किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। मांग की गई कि आदिवासी हिन्दु समाज के लोगों की कृषि भूमि विशेष वर्ग के कब्जे से मुक्त करवाकर उचित कार्रवाई की जाए।